Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 20-02-2006

Participants : Dubey Shri Chandra Shekhar

>

Title : Need to review the functioning of Damodar Valley Corporation in Jharkhand.

श्री चन्द्र शेखर दूबे (धनबाद) : महोदय, देश के प्रथम प्रधान मंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने दामोदर घाटी निगम की सरकार के उपक्रम के रूप में स्थापना का स्वप्न देखा था, जिसको उन्होंने 1948 में संसद में कानून पारित कर साकार किया।

जो दामोदर नदी बंगाल के दुःख के नाम से जानी जाती थी, उसे पंडित जी ने खुशहाल परियोजना के रूप में परिवर्तित कर दिखाया। इस निगम की स्थापना के बाद पूर्वी क्षेत्र में खासकर पश्चिम बंगाल और झारखंड में औद्योगिक क्रांति संभव हो सकी।

आज इस निगम की स्थिति काफी बदतर हो चुकी है। निगम के अध्यक्ष का पद पिछले 16 अक्तूबर, 2003 से खाली है। निगम में व्याप्त अनियमितताओं को आउटलुक साप्ताहिक दिनांक 31 अक्तूबर 2005 में प्रकाशित की गयी है, जिसकी ओर सरकार का ध्यान आकृट करना चाहता हूं। पिछले दो सालों दौरान भी जिन जिन व्यक्तियों को अस्थायी रूप से अध्यक्ष बनाया गया उनकी सम्पत्ति की जांच सी.बी.आई. द्वारा करायी जाये।

मैं सरकार से यह मांग करता हूं कि एक कर्मठ प्रोफेशनल व्यक्ति को अविलम्ब इस निगम के अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया जाये तथा और जो उच्च पद रिक्त पड़े हैं, उन सभी पदों पर अविलम्ब सक्षम पदाधिकारियों की नियुक्ति की जाये। साथ ही साथ अनियमितताओं के सारे पहलुओं की विस्तृत जांच सीबी.आई. द्वारा करायी जाये।